# जल गंगा संवर्धन अभियान वैनगंगा बजरंग घाट से प्रारम्भ

## कंटीली झाड़ी, पाऊच और पॉलीथिन मुक्त हुआ बजरंग घाट



## जिला प्रशासन, नगर पालिका और सामाजिक संस्थाओं ने किया श्रमदान

**बालाघाट, देशबन्धु।** मप्र शासन के निर्देशानुसार रविवार को वैनगंगा नदी स्थित बजरंग घाट से जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का आगाज़ हो गया है।

घाट पर 100 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों सहित नगर पालिका के अमले तथा सामाजिक संस्थाओं ने मिलकर गंदगी सहित कंटीली झाड़ियों के अलावा गुटका पाऊच व पॉलीथिन बिनकर किनारे से दूर किया। किनारे से करीब 7 थैले पॉलीथिन व अन्य झाड़ियां साफ की गई। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में जल संवर्धन व वन संरक्षण की शपथ ली गई। प्रारम्भ होने के बाद अब इस अभियान के तहत 30 जून तक जल संवर्धन व संरक्षण तथा बारिश से पूर्व पौधारोपण की तैयारी की जाएगी।

श्रमदान का कार्य एडीएम श्री जीएस धुर्वे के नेतृत्व में एसडीएम श्री गोपाल सोनी, संयुक्त कलेक्टर श्री केसी ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री एमआर कोल सहित जिला अधिकारियों के अलावा जन अभियान परिषद, युवा एवं खेल विभाग का अमला, रोटरी क्लब, तैराक संघ, गायत्री परिवार के सदस्य मौजूद रहें।





# विकासखंड बैहर में दिखी जल गंगा संवर्धन अभियान की पहल

## तन्नौर नदी में स्वच्छता कर दिलाई गई जल संरक्षण की शपथ

**बालाघाट, देशबन्धु।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड बैहर द्वारा जल संवर्धन अभियान की शुरुआत विक्रम संवत सूर्य उपासना नव संवत मनाकर किया गया। जिसके तहत तन्नोर नदी मे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं की स्वच्छता, नदी की साफ सफाई गहरीकरण का कार्य किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत बैहर, ग्राम पंचायत भंडेरी, नवांकुर संस्था, सीएमसीएलड़ीपी के छात्रो तथा जन भागीदारी द्वारा श्रमदान किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्रामवासियों को जल संरक्षण के साथ ही पानी का दुरुपयोग ना करने की भी शपथ दिलाई गई।

इस दौरान सीईओ बीएस मेरावी, विकासखंड समन्वयक महेश पटले, जिला पंचायत सदस्य मंशाराम मड़ावी, जनपद सदस्य आशुतोष मेरावी, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष राजीव परते उपस्थित रहें।

# दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार, भाई के सामने ही नाबालिग से की थी हैवानियत

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के सीधी थाना क्षेत्र में एक नाबालिक के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़िता अपने परिवार के साथ थाने पहुंची, लेकिन लाइट न होने और महिला सब इंस्पेक्टर के न होने की वजह से पीड़िता को 8 घंटे का इंतजार करना पड़ा। महिला सब इंस्पेक्टर शहडोल से वहां पहुंची और लाइट आने के बाद पीड़िता की रिपोर्ट शनिवार की शाम तकरीबन 7ः00 बजे सीधी थाने में दर्ज की गई। पुलिस ने मामले पर दो आरोपियों के विरुद्ध पीड़िता की शिकायत पर अपराध दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।शिकायत में बताया गया कि घटना पीड़िता के साथ उस समय घटी जब वह अपने खेत में बने मकान में एक 4 वर्षीय भाई के साथ सो रही थी। माता-पिता दूसरे गांव में एक सामाजिक कार्यक्रम में गए हुए थे। शुक्रवार की रात तकरीबन 9ः00 बजे दो आरोपी पीड़िता के दरवाजे को खटखटाते हुए उसे खुलवाया, तब पीड़िता को लगा कि उसके माता-पिता कार्यक्रम से लौट आए हैं। पीड़िता ने खेत में बने मकान का दरवाजा खोल दिया। तभी दोनों आरोपी अंदर घुस आए और 4 वर्षीय भाई के सामने ही पीड़िता के साथ हैवानियत करते रहे। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। दोनों आरोपी उसी गांव के रहने वाले हैं और पीड़िता दोनों को पहचानती है।

**पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया**-थाना प्रभारी सीधी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि जब पीड़िता के साथ खेत में बने उसके घर में दोनों आरोपियों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया तब पीड़िता का 4 वर्षीय भाई उसके साथ सो रहा था। वह अचानक नींद से जागा और मदद की गुहार लगाने लगा।

## सार-समाचार



### सुरवाही के जंगल से ड्रमों व बोरियों में भरा 1150 किलो लाहन किया जब्त

**बालाघाट, देशबन्धु।** कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री सुरेन्द्र कुमार उरांव के मार्गदर्शन मे मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी है। रविवार को आबकारी वृत बालाघाट के द्वारा ग्राम सुरवाही के जंगल में नाला किनारे अलग अलग स्थानों पर ड्रमों एवं बोरियों में भरा हुआ लगभग 1150 किलो लाहन जप्त कर 02 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया। वहीं सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया। जप्त सामग्री का बाजार मूल्य 1,15,000 रूपये है। इस कार्यवाही मे वृत प्रभारी, उपनिरीक्षक रमाकांत बघेल आरक्षक सुरेंद्र गजभिए लखन चौधरी आरिफ खान चिंतामणी उपस्थित रहे।

### रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 के संबंध में आवश्यक बैठक हुई आयोजित

**बालाघाट, देशबन्धु।** कलेक्टर व बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सभाकक्ष में रविवार को रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 के संबंध में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले में गेहूं, चना, सरसों के लिए बनाए गए उपार्जन केंद्रों के समिति कर्मचारी व सर्वेयर भी उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही समिति कर्मचारियों द्वारा बताए गए सुझाव को लेकर अधिकारियों द्वारा तत्काल निराकरण किया गया। इस अवसर पर रविकांत ठाकुर खाद्य अधिकारी, पीएल जोशी प्र. बैंक सीईओ, सुनील किरार जेएसओ खाद्य विभाग, मनोहर यादव प्र.विपणन अधिकारी, अमरेश सिंह परिहार इन्वेंटरी मैनेजर श्री भगत उपस्थित रहे।

### धनपुरी में सफाईकर्मियों की हड़ताल, शहर में कचरे के लगे ढेर

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल संभाग की धनपुरी नगरपालिका में सफाई कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। नगरपालिका की नई ष्टरू्ह्र पूजा बुनकर ने कर्मचारियों की मासिक ड्यूटी 30 दिन से घटाकर 26 दिन करने का आदेश जारी किया है। इस फैसले से नाराज होकर लगभग 190 सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि इस आदेश से उनकी आय में कटौती हो रही है। त्योहारी सीजन में हड़ताल से शहर की सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है।

विरोध प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने नगरपालिका कार्यालय के सामने डंडा और झंडा लगाकर प्रदर्शन किया। विरोधी कार्यकर्ता विजय कुमार राउते ने कहा कि वे अपने हक के लिए लड़ेंगे। अरविंद कुमार मालिक ने कहा कि सफाई कर्मियों को उनकी मेहनत का उचित पैसा मिलना चाहिए।

सफाईकर्मियों ने सीएमओ के नए आदेश के खिलाफ नारेबाजी की। सीएमओ बोलीं- समाधान निकालने की कोशिश जारी अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव दामोदर ने सफाई कर्मचारियों के समर्थन में आवाज उठाई है। ष्टरू्ह्र पूजा बुनकर का कहना है कि वे कर्मचारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान निकालने की कोशिश कर रही हैं। हड़ताल की वजह से शहर में कचरे के ढेर लग गए। ईद और नवरात्रि जैसे त्योहारों के मद्देनजर यह स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। हड़ताल के कारण शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं।

### पोषण भी पढ़ाई भी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**शहडोल, देशबन्धु।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मनोज लारोकर के निर्देशन में आनंद अग्रवाल परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड सोहागपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड सोहागपुर एवं नगर पालिका क्षेत्र की समस्त 363 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया गया। परियोजना अधिकारी आनंद अग्रवाल ने बताया कि पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम सक्षम आंगनवाडी एवं मिशन पोषण 2 के तहत एक कार्यक्रम है।

# रेत माफिया बेखौफ, बीच नदी से रेत चोरी करने का वीडियो वायरल

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में रेत माफिया बेखौफ होकर नदियों से रेत का अवैध खनन कर परिवहन कर रहे हैं। एक रेत माफिया ने तो नदी से रेत चोरी करने की एक रील बना कर सोशल मीडिया में अपलोड कर दी। जब मामला पुलिस के पास पहुंचा तो उसने अपने सोशल साइट से उस वीडियो को डिलीट कर दिया। हालांकि पुलिस ने रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते एक ट्रैक्टर को ब्यौहारी पुलिस ने जब्त कर दो लोगो के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार ब्यौहारी थाना क्षेत्र के बेडरा समधिन नदी से रेत का अवैध खनन कर परिवहन करने की खबर पुलिस को मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एक ट्रैक्टर को मौके से जब्त किया। इसमें रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा था। पुलिस को देखकर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने लगा, तभी पुलिस ने दौड़ लगा दी और आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी चालक अमर सिंह एवं वाहन मालिक सुनील यादव पर खनिज अधिनियम एवं अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। रेत से भरे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।

**बेखौफ हुए माफिया**-नदी में रेत चोरी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड करने का भी मामला प्रकाश में आया है। यह मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के मंटोलिया गांव में स्थित कुंनुक नदी का है। सोशल मीडिया में एक वीडियो अपलोड किया गया, जिसमें नदी के बीचो-बीच एक ट्रैक्टर खड़ा हुआ है। इसमें कुछ मजदूरों के दौरा रेत ट्रैक्टर ट्राली में भारी जा रही है। सोशल साइड में अपलोड करने वाला शख्स अरुण कुमार साहू है। वीडियो सोशल मीडिया में रील बनाकर डाला गया। इसके बाद जैतपुर पुलिस को इसकी भनक लगी, पुलिस ने वीडियो की जांच करने के लिए मौके पर टीम को भेजा तो यह वीडियो मंटोलिया कुनुक नदी का है।

# गुड़ी पड़वा के अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन



**बालाघाट, देशबन्धु।** गुड़ी पड़वा नव संवत्सर के शुभावसर पर जनपद पंचायत के देवरी पंचायत में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। जनपद सीईओ श्रीमती ममता कुलस्ते ने बताया कि सामूहिक विवाह आयोजन में हिन्दू रीति रिवाज, आदिवासी परम्परा और बौद्ध वैवाहिक प्रक्रिया के तहत 301 जोड़ो का विवाह आयोजित हुआ। विवाह आयोजन के सम्बंध में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री राजा लिल्हारे ने कहा कि ऐसे सामूहिक विवाह आयोजन शासन द्वारा सराहनीय कार्य है। ऐसे आयोजन से निश्चित तौर पर फिजूलखर्ची मो रोकने का महत्वपूर्ण कदम है। अब समाज की आवश्यकता भी है कि लोग इसे और आगे बढ़ाए। पूर्व मंत्री श्री राम किशोर कांवरे ने कहा कि शासन कि योजना के तहत सिर्फ बालाघाट जनपद में ही नहीं, बल्कि ऐसे सुंदर और वैवाहिक रीति रिवाजों के अनुसार सभी नगरीय निकायों व जनपदों में आयोजित हो रहें है। मौसम बिसेन ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबके प्रयासों से ऐसे आयोजन होते हैं। विवाह आयोजन में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नव विवाहितों को आशीर्वाद प्रदान किया।

विवाह आयोजन में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बालाघाट जनपद पंचायत श्री फूलचंद सहारे, उपाध्यक्ष शंकर लाल बिसेन, जिला पंचायत सदस्य रूखमणि माहूले,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा बिसेन, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, तहसीलदार श्री भूपेंद्र अहिरवार, श्रीमती वंदना कुशराम, सहित जनपद पंचायत के समस्त सदस्य सरपंच गण उपस्थिति रहें।

## 500 लोको पायलटों को प्रमोशन विवादित डॉक्टर का ट्रांसफर होगा

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कर्मचारियों की लंबित मांगों पर सकारात्मक प्रगति हुई है। मजदूर संघ ने डीआरएम कार्यालय के बाहर गेट मीटिंग में रेल मंत्री को बीकानेर में पारित प्रस्तावों का ज्ञापन शनिवार को सौंपा।मंडल सचिव प्रोम्पी सिंह और जोनल महामंत्री संतोष पटेल के नेतृत्व में कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं रखीं। मंडल रेल प्रबंधक ने कई घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि अप्रैल से सहायक लोको पायलट का ड्राइवर प्रमोशन बैच भेजा जाएगा। करीब 500 लोको पायलट पदों पर पदोन्नति दी जाएगी। अगस्त से लॉबी ट्रांसफर आवेदकों को रिलीज किया जाएगा कर्मचारियों के लिए अगस्त से लॉबी ट्रांसफर आवेदकों को रिलीज किया जाएगा। ।ञ्ज्रस्न के माध्यम से तबादला प्रक्रिया को जल्द बहाल किया जाएगा। रनिंग कर्मचारियों के लिए न्यूनतम 120 किलोमीटर का मुद्दा भी हल होगा।

# 16 सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए आरओ नियुक्त




**बालाघाट, देशबन्धु।** मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा द्वारा 17 सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्या. उकवा के लिए वनपाल श्री अरविंद मंडावी, डाबरी के लिए गजेंद्र बिसेन, पाण्डुतला के लिए शिवप्रसाद सरोते, बुद्बुड़ा के लिए ताराचंद डोंगरे, नैतरा के लिए भूपेंद्र वासनिक, बिठली के लिए राजेन्द्र गनवीर, बिरसा के लिए अरुणेंद्र शेखर, भंडेरी के लिए विनोद कुमार चौरे, सीतापठौर के लिए रामनरेश यादव, सालेटेकरी के लिए राजेन्द्र कुमार मडामे, लोहाग्री के लिए दिलीप चौहान, कचनारी के लिए वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक श्री संतोष कतिया, बालाघाट के लिए वनपाल सुखलाल चौरिवार, मछुरदा के लिए मुकेश कुमार घोरमारे, दमोह के लिए अंकेक्षक अधिकारी श्री केएस सैयाम और डोंगरमाली के लिए उप अंकेक्षक श्री अतुल राय को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री ओझा द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार प्रारंभिक 14 समितियों में महिला पदों के विनिश्चय के लिए संचालक मंडल की बैठक के लिए सूचना जारी करने की तिथि 04 अप्रैल, संचालक मंडल की बैठक 07 अप्रैल, आमसभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम जारी किए जाने की तिथि 08 अप्रैल, नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की तारीख 15 अप्रैल, नामांकन पत्रों की जाँच एवं वैध पत्रों की सुचो का प्रकाशन 16 अप्रैल, नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव चिन्हों का आवंटन 17 अप्रैल तथा मतदान एवं मतगणना का कार्य 22 अप्रैल को सम्पन्न किया जाएगा।

जबकि सहकारी समिति दमोह व डोंगरमाली में महिला पदों के विनिश्चय के लिए संचालक मंडल की बैठक के लिए सूचना जारी करने की तिथि 09 अप्रैल, संचालक मंडल की बैठक 12 अप्रैल, आमसभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम जारी किए जाने की तिथि 12 अप्रैल, नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की तारीख 19 अप्रैल, नामांकन पत्रों की जाँच एवं वैध पत्रों की सुचो का प्रकाशन 20 अप्रैल, नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव चिन्हों का आवंटन 21 अप्रैल तथा मतदान एवं मतगणना का कार्य 26 अप्रैल को सम्पन्न किया जाएगा।




# हिन्दू नववर्ष पर मनाया सूर्योपासना दिवस

## हिन्दू पंचाग विक्रम संवत की प्रारम्भ होने की कहानी का मंचन

**बालाघाट, देशबन्धु।** मप्र शासन की मंशानुसार रविवार को नगर के नूतन कला निकेतन में विक्रमोत्सव मनाया गया।

जिला प्रशासन, महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ संस्कृति विभाग के संयुक्त आयोजन में हिन्दू पंचाग विक्रम संवत के प्रारम्भ होने के पीछे की कहानी का मंचन लोक कला निकेतन के कलाकारों द्वारा किया गया।

नृत्य नाटिका के माध्यम से कलाकारों ने महाराजा विक्रमादित्य की विजय गाथा और उसके पश्चात विक्रम संवत व न्यायप्रियता को अभिनेताओं द्वारा संवाद व संगीत के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इन दौरान कलेक्टर श्री मृणाल मीना,एडीएम श्री जीएस धुर्वे, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक सहित समस्त अधिकारियों ने लुत्फ लिया। कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष श्री योगेश बिसेन, जनपद उपाध्यक्ष श्री शंकर बिसेन,नपा सभापति श्रीमती संगीता कावरे, श्री नपा पूर्व अध्यक्ष श्री रमेश रँगलानी, सामाजिक कार्यकर्ता श्री सुरजीत सिंह ठाकुर, नूतन कला निकेतन के अध्यक्ष श्री रूप कुमार बनवाले व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

नगर के मंदिरों में ब्रह्म ध्वजा फहराई गई

प्रभारी नपा सीएमओ श्री बीएल लिंल्हारे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर ने महत्वपूर्ण मंदिरों पर ब्रह्मध्वजा फहराई गई। नगर के श्रीराम मंदिर, कॉपरेटिव बैंक परिसर स्थित त्रिपुर सुंदरी मंदिर में भी ध्वजा फहराई गई।

# संपदा-1 प्रणाली का आज अंतिम दिन, रजिस्ट्री के लिए आज ही स्लाट की बुकिंग

**बालाघाट, देशबन्धु।** पंजीयन विभाग द्वारा संपदा-1.0 पोर्टल प्रणाली का संचालन 31 मार्च तक ही किया जाएगा। जिला पंजीयक श्री राजेन्द्र मरकाम से प्राप्त जानकारी अनुसार 1 अप्रैल से पूरे प्रदेश में केवल संपदा-2.0 पोर्टल प्रणाली के माध्यम से ही ई-पंजीयन और ई-स्टाम्पिंग की सुविधा उपलब्ध होगी।

श्री मरकाम ने बताया कि संपदा-2 का प्रायोगिक संचालन अप्रैल 2024 से अक्टूबर 2024 तक चार जिलों में किया गया था। 10 अक्टूबर 2024 से इसे पूरे राज्य में लागू कर दिया गया। रजिस्ट्री के लिए 30 मार्च को आखिरी बार अगले दिन के स्लॉट की बुकिंग होगी। पुराने पोर्टल से 31 मार्च को एक अप्रैल के लिए नईबुकिंग नहीं होगी। 1 अप्रैल से सभी

## एक अप्रैल से सभी उप पंजीयक कार्यालयों में संपदा-2 पोर्टल का होगा संचालन

उप पंजीयक कार्यालयों में केवल संपदा-2 का ही संचालन होगा। संपदा-1 में सेवा प्रदाताओं को कोई नया लाइसेंस नहीं मिलेगा। साथ ही, संपदा-1 में ली गई क्रेडिट लिमिट संपदा-2 में ट्रांसफर नहीं होगी।

सेवा प्रदाताओं को 31 मार्च तक अपनी क्रेडिट लिमिट का उपयोग करना होगा। 31 मार्च के बाद संपदा-1 प्रणाली निष्क्रिय हो जाएगी। इसके बाद इस प्रणाली में कोई दस्तावेज तैयार नहीं किया जा सकेगा और न ही कोई शुल्क जमा होगा।

**सर्विस प्रोवाइडर की क्रेडिट लिमिट सुविधा होगी बंद**-जिला पंजीयक श्री मरकाम ने बताया कि यदि कोई दस्तावेज 31 मार्च तक पंजीकृत नहीं होता है, तो उसका पंजीयन संपदा-1 में नहीं हो सकेगा और वह संपदा-2 में भी ट्रांसफर नहीं किया जा सकेगा। संपदा-1 से संबंधित सभी सपोर्ट टिकटों का निराकरण 31 मार्च से पहले करना होगा। 30 मार्च को सेवा प्रदाताओं के लिए नई क्रेडिट लिमिट लेने की सुविधा बंद कर दी जाएगी। 31 मार्च को पंजीयन प्रस्तावित दस्तावेजों का शुल्क पहले से जमा करना होगा या ऑनलाइन सुविधा का उपयोग करना होगा।

**अंतिम दिन पंजीकृत दस्तावेजों का प्रिंट उसी दिन पक्षकारों को देना होगा**-जिला पंजीयक श्री मरकाम ने बताया है कि संपदा-1 बंद होने की सूचना विभाग द्वारा सभी को दी जा रही है। आखिरी दिन यानी 31 मार्च को दस्तावेजों की हार्ड कॉपी देने से पहले वरिष्ठ उप पंजीयक यह सुनिश्चित करेंगे कि फोटो, हस्ताक्षर, अंगूठा चिन्ह और नक्शा सही ढंग से प्रिंट हो चुका हो। अंतिम दिन में पंजीकृत दस्तावेजों का प्रिंट उसी दिन कर पक्षकारों को देना होगा। ई-स्टाम्प रिफंड के लिए आवेदन 31 मार्च तक पूर्ण कर रिफंड रिक्वेस्ट नंबर के आधार पर कोष को भेजना होगा।